प्रिय अभिभावक
सुदिती नमन

कोविड 19 महामारी ने सभी सीबीएसई स्कूलों में 2020–21 के शैक्षणिक सत्र के दौरान आनलाइन पढ़ाई को प्रमुख कर दिया है। चूंकि अप्रैल में करोना की दूसरी लहर के कारण बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन भी अभी तक नहीं हो पाया है एवं कक्षा 10 एवं 12 का परीक्षा परिणाम भी बोर्ड के द्वारा एक नियत मानक के अनुसार घोषित करना पड़ रहा है, जिसमें विद्यालय आधारित परीक्षाओं को प्रमुख रुप से आधार बनाया गया है।

उक्त स्थिति का आकलन करने पर बोर्ड इस नतीजे पर पहुंचा है कि महामारी के दृष्टिगत अगले साल की बोर्ड परीक्षाओं के लिये भी हम सभी को वैकल्पिक तरीकों के लिये तैयार रहना होगा।
इस क्रम में दसवीं और बारहवीं कक्षा 2021–22 के शैक्षणिक सत्र के लिए निम्नलिखित योजनाएं शुरू की गई हैं।

सत्र 2021–22 के लिए विशेष योजना

1 शैक्षणिक सत्र को 2 भागों में बांट कर उसके लिये अलग–अगल पाठयक्रम निर्धारित किया जायेगा। 10वीं एवं 12वीं कक्षा की पहले टर्म की परीक्षायें नवम्बर दिसम्बर में होंगी जिसके लिये 90 मिनट की अवधि की परीक्षा के लिये बहुविकल्पीय प्रश्न–पत्र सी0बीएस0ई0 द्वारा भेजा जायेगा और परीक्षाओं का संचालन सी0बी0एस0ई0 द्वारा नियुक्त बाह्य केन्द्र अधीक्षक एवं पर्यवेक्षक द्वारा कराया जायेगा।

2. हम आन्तरिक मूल्यांकन/प्रैक्टिकल/परियोजना कार्य को पहले की ही तरह अधिक विश्वसनीय एवं वैध बनाये रखने का प्रयास कर रहे हैं। इस सत्र की परीक्षाओं के लिये सीबीएसई से प्रश्न पत्र जारी किया जाएगा और हम सदैव की भांति इस सत्र में भी परीक्षाओं को पारदर्शिता एवं ईमानदारी से आयोजित करेंगे। पहले टर्म परीक्षा (गृह आधारित परीक्षा) नवंबर–दिसंबर 2021 के अंक तुरंत सीबीएसई पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

3. जो छात्र इस परीक्षा में अनुपस्थित रहेंगे उन्हे शून्य अंक दिये जायेंगे और उनका 50प्रतिशत मूल्यांकन शून्य के रूप में माना जाएगा। उसके बाद उन्हें अगली कक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए वर्ष के अंत की बोर्ड परीक्षा में कम से कम 66 प्रतिशत अंक + (पेनाल्टी) अंक प्राप्त करने होंगे ।

4. कृपया ध्यान रखें कि आपके पाल्य/पाल्या के लिए सत्र/वर्ष के अंत की परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन/आफलाइन कक्षाओं में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। अतः उसकी दैनिक कक्षाओं में उसकी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

5. प्रथम सत्र परीक्षा के प्रश्न पत्र में बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) होंगे, इस परीक्षण की अवधि 90 मिनट होगी और इसका पाठयक्रम पूरे पाठयक्रम का लगभग आधा होगा, जिसके लिये प्रश्न पत्र सीबीएसई द्वारा भेजे जाएंगे ।

6. यह परीक्षा सीबीएसई द्वारा नियुक्त बाहरी केंद्र अधीक्षकों और पर्यवेक्षकों की देखरेख में आयोजित की जाएगी ।
7. दूसरे टर्म के अंत में, पूर्व की भांति ही बोर्ड परीक्षा आयोजित की जायेगी ।

8. फाइनल परीक्षा मार्च–अप्रैल 2022 के आस पास बोर्ड द्वारा तय केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। इस प्रश्न–पत्र की अवधि 2 घंटे की की होगी और इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे।

9. यदि स्थिति सामान्य वर्णनात्मक परीक्षा के लिए अनुकूल नहीं होती है तब एक 90 मिनट की बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित परीक्षा आयोजित द्वितीय टर्म के लिये आयोजित होगी।

10. कक्षा 9 एवं 10 में पूरे सत्र के दौरान 3 पीरियोडिक टेस्ट आयोजित किये जायेंगे। इनमें क्रियात्मक गतिविधियां, प्रायोगिक कार्य, प्रोजेक्ट वर्क, श्रवण–वाचन आदि भी शामिल होंगे।
11. कक्षा 11 एवं 12 में पूरे सत्र के दौरान यूनिट टेस्ट, प्रायोगिक परीक्षायें, प्रोजेक्ट वर्क आदि आयोजित किये जायेंगे।

यदि वर्तमान महामारी की स्थिति सामान्य नहीं होती है, तो बाहरी केंद्र अधीक्षकों की देखरेख में दोनों टर्म के बाद किया गया गृह मूल्यांकन ही बोर्ड परीक्षा के रूप में माना जाएगा।

पुनश्च आपसे निवेदन है कि कृपया ऑनलाइन अध्ययन, उपस्थिति के साथ–साथ स्कूलों द्वारा आयोजित टेस्ट/परीक्षाओं के बारे में गंभीर रहें, क्योंकि विद्यालय द्वारा आयोजित सभी टेस्ट/परीक्षायें छात्र के अंतिम परिणाम के लिये अति महत्वपूर्ण हैं।
अगर आपका पाल्य/पाल्या विद्यालय की आनलाइन कक्षायें नहीं ले रहा है तो अतिशीघ्र विद्यालय में संपर्क करके उसकी आनलाइल क्लास शुरु करायें।
हम आपके पाल्य/पाल्या के उज्ज्वल भविष्य के कृतसंकल्पित हैं।

सधन्यवाद।

डॉ. राम मोहन
प्रधानाचार्य

Devi Bypass Road, Nagariya, Mainpuri-205001 (U.P.)
Phone : 05672-206266, 77, Website : www.suditiglobalacademy.com, Email : suditiglobalacademy@gmail.com, drrammohan23@gmail.com